# Bihar Board Class 7 Hindi Solutions Chapter 9 वर्षा बहार

## BSEB Bihar Board Class 7 Hindi Solutions Chapter 9 वर्षा बहार

### Bihar Board Class 7 Hindi वर्षा बहार Text Book Questions and Answers

पाठ से –

प्रश्न 1.
प्रस्तुत कविता के आधार पर वर्षा ऋतु का वर्णन करें।
उत्तर:
मुकुटधर पाण्डेय जी की कविता "वर्षा-बहार" में वर्षा ऋतु को सुखदायक और मनोहर बताया गया है।।

वर्षा ऋतु आते ही आकाश में घनघोर बादल छाने लगते हैं। बिजली चमकने लगती है। बादल गरजने लगता है। पानी बरसता है । झरने झर-झरकर बहने लगते हैं । उण्डी हवाएं चलती है। डालियाँ झूलती जर आती हैं। जलीय जीव प्रसन्न दिखाई पड़ते हैं। मालीनें गीत गाने लगती हैं। मोर नाचने लगता है। मेढ़क की आवाज सुनाई पड़ने लगता है। गुलाब खिलने लगता है। हंस कतार बाँधे चलने लगते हैं।

प्रश्न 2.
वर्षा ऋतु में बाग-बगीचों में आनंद क्यों छा जाता है?
उत्तर:
वर्षा-ऋतु आते ही बाग-बगीचे में फूल खिलने लगते हैं। सभी ' पेड़-पौधे हरे-हरे हो जाते हैं। पपीहे की आवाज सुनाई पड़ने लगती है। पेड़ों की डालियाँ झुमती नजर आती हैं । फूलों के सुगन्ध से वातावरण सुगन्धमय हो जाता है।

इस प्रकार वर्षा ऋतु में बाग-बगीचे में आनन्द छा जाते हैं।

प्रश्न 3.
निम्नलिखित पंक्तियों का अर्थ स्पष्ट कीजिए –
(क) खिलता गुलाब कैसा सौरभ उड़ा रहा है।
उत्तर:
वर्षा ऋतु में गुलाब खिलने से वातावरण सुगन्धित हो जाता है।

(ख) गाते हैं गीत कैसे, लेते किसान मनहर।
उत्तर:
वर्षा ऋतु में कतार बाँधे हंस अपना गीत सुनाकर किसानों के मन को आनन्दित कर रहे हैं।

पाठ से आगे –


https://www.evidyarthi.in/

प्रश्न 1.
अपने अनुभव के आधार पर वर्षा ऋतु का वर्णन कीजिए।
उत्तर:
वर्षा ऋतु ग्रीष्म के बाद आता है, वर्षा का आगमन होता है। आकाश में बादल छाने लगते हैं, बिजलियाँ चमकती हैं बादल गरजने लगते हैं। पानी बरसता है। पेड़-पौधों में नव जीवन आ जाता है। तालाब, नदियाँ, झील सब जलमय हो जाता है । सभी जलस्रोतों में पानी गन्दा दिखने लगता है। सब जगह कीचड़ ही कीचड़ नजर आता है। मेढ़क की आवाज, झिंगुर की आवाज सुनाई पड़ने लगते हैं। चारों ओर खुशहाली नजर आती है।

प्रश्न 2.
ग्रीष्म ऋतु के बाद वर्षा ऋतु आती है। वर्षा ऋतु के आने पर आप कैसा महसूस करते हैं ?
उत्तर:
ग्रीष्म के बाद वर्षा के आगमन होते ही गर्मी कम होने लगती है। लोगों को ठण्डी महसूस होने लगती हैं। वायुमण्डल का तापमान कम होने लगता है। आकाश में छाये बादल से पृथ्वी की शोभा बढ़ जाती है।

प्रश्न 3.
यहाँ कविता की प्रथम पंक्ति दी गई है। इसके आधार पर अन्य तीन पंक्तियों की रचना स्वयं कीजिए –
उत्तर:
बादल बरसे, नाचे मोर,
बिजली चमके करे शोर ।
धरा दमके बोले हंस,
मच्छर उपजे करे दंश ।।

व्याकरण –

प्रश्न 1.
निम्नलिखित शब्दों के विलोम लिखिए –
सुख, प्रसन्न, सुन्दर, ठण्डी।
उत्तर:
सुख = दुःख।
प्रसन्न = अप्रसन्न
सुन्दर = कुरूप ।
ठण्डी = गर्मी


https://www.evidyarthi.in/